## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर युवक के साथ मारपीट

**यमुनानगर।** बिलासपुर थाना क्षेत्र के गांव भमनोली में रंजिश के चलते चार युवकों ने घर में घुसकर शाहरुख पर हमला कर घायल कर दिया। घायल शाहरुख का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद चारों आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार गांव भमनोली निवासी शाहरुख ने बिलासपुर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही विक्की व शेखर के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। जिसके बाद से आरोपी उसे रंजिश रखे हुए थे। 24 अक्टूबर को वह अपने घर पर मौजूद था। इस दौरान आरोपी विक्की व शेखर ने अपने साथी अशोक व शुभम के साथ मिलकर उनके घर में घुसकर उस पर हमला कर दिया। जिससे वह घायल हो गया।

### महिला को बहला-फुसलाकर ले गया युवक, किया दुष्कर्म

**यमुनानगर।** साढ़ौरा थाना क्षेत्र में एक युवक ने महिला को बहला फुसला कर मुलाना क्षेत्र में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी युवक समेत चार आरोपियों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को मुलाना पुलिस थाने में ट्रांसफर कर दिया। जानकारी के अनुसार साढ़ौरा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 28 वर्षीय महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सचिन नामक युवक के साथ जान पहचान थी। गत 28 मई को आरोपी सचिन ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी से मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे मुलाना थाना क्षेत्र में लेकर गया, जहां आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बताने पर मारने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी फिर से उसके साथ संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा, जिसमें सचिन की मां सुनीता, पूजा व सावन ने भी आरोपी का साथ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# चार वार्डों में 104.38 लाख के विकास कार्यों का शिलान्यास किया

- विकास कार्यों में निर्माण की गुणवत्ता का रखें विशेष ध्यान : मेयर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। विकास कार्यों का शिलान्यास करतीं मेयर सुमन बहमनी व अन्य।

ट्विन सिटी के चार वार्डों में 104.38 लाख रुपये की लागत किए जाने वाले विकास कार्यों के निर्माण कार्य का वीरवार को नगर निगम की मेयर सुमन बहमनी ने शिलान्यास करके व नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नेपाल सिंह राणा मौजूद रहे। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि ट्विन सिटी के सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड 16 समेत चार वार्डों के विकास कार्यों के लिए निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। जिनमें वार्ड नंबर 16 में 18.07 लाख रुपये की लागत से गांधी नगर पार्क का नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वहीं, इसी वार्ड की इंद्रा गार्डन व हरबंसपुरा कॉलोनी में 12.10 लाख रुपये की लागत से स्टॉर्म वाटर लाइन डालने का कार्य किया जाएगा। वार्ड 21 की बैंक कॉलोनी एक्सटेंशन वन में 49.70 लाख की लागत से विभिन्न गलियों व नालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं, 12.51 लाख की लागत से वार्ड 22 के परशुराम पार्क व श्रीराम पार्क का नवीनीकरण व सौंदर्यीकरण किया जाएगा। वार्ड 12 के कामी माजरा में 10 लाख की लागत से गली का निर्माण किया जाएगा। लगभग 104.38 लाख की लागत से होने वाले पांचों विकास कार्यों का निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाएगा।

### बिना भेदभाव हो रहे करोड़ों के काम : मेयर

मेयर सुमन बहमनी ने संबंधित पार्षदों व निगम अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और नियमानुसार विकास कार्य कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर निगम के हर वार्ड के नागरिकों को सुविधाएं उपलब्ध कराने को सरकार बिना भेदभाव करोड़ों रुपये के विकास कार्य करवा रही है। ट्विन सिटी में पानी निकासी को नालियां, पक्की सड़कें, पक्की गलियों, सीवरेज सिस्टम, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, भूमिगत पाइप लाइन, सुंदर पार्क, स्ट्रीट लाइट, सामुदायिक केंद्र व धर्मशाला समेत अन्य विकास कार्य करवाएं जा रहे हैं। स्वच्छ वातावरण व बेहतर स्वास्थ्य को सैर व व्यायाम करने को पार्कों को सौंदर्यीकरण व विकास कराया जा रहा है। करोड़ों रुपये के विकास कार्य हो चुके हैं और करोड़ों के कार्य निर्माणाधीन है।

### यह रहे मौजूद

मौके पर मार्केट कमेटी यमुनानगर के चेयरमैन राकेश त्यागी, निगम अभियंता सुरेंद्र दहिया, कनिष्ठ अभियंता अरविंद्र कुमार, मनीष कुमार, पार्षद संदीप धीमान, पार्षद तिलक राज, पार्षद रूचि शर्मा, पार्षद मंजीत कौर, भाजपा मंडल अध्यक्ष शुभम राणा व संध्या रावत आदि मौजूद रहें।

## संपत्ति कर वसूली के लिए नगर निगम में बैठक

# संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने पर प्रॉपर्टी होगी सील

निगम ने एक लाख से अधिक बकाया प्रॉपर्टी धारकों को नोटिस जारी किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए निगमायुक्त महाबीर प्रसाद। फोटो : हरिभूमि

प्रथम चरण में व्यावसायिक व औद्योगिक इकाइयों पर होगी कार्रवाई

संपत्ति कर का भुगतान नहीं करने वाले बकाएदारों की संपत्तियां सील करने की निगम ने तैयारी कर ली है। इन बकाएदारों में कई प्रतिष्ठित मैरिज पैलेस, होटल, इंडस्ट्री, बड़े दुकानदार व अन्य व्यावसायिक इकाइयों व संस्थान शामिल हैं। इस संबंध में नगर निगम कार्यालय में आयोजित हुई संबंधित अधिकारियों की बैठक में निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने दिशा-निर्देश दिए। निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि एक लाख से अधिक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों को नोटिस जारी किए गए हैं। टैक्स जमा न कराने पर बकाएदारों को सुनवाई के लिए निगम कार्यालय बुलाया गया। सुनवाई के बाद भी संपत्ति कर जमा न कराने वाले संपत्ति धारकों की संपत्ति को अब नगर निगम द्वारा सील किया जाएगा। इनमें कई नामी औद्योगिक इकाइयों से लेकर संस्थान, व्यावसायिक प्रतिष्ठान व कई दुकानें शामिल हैं।

### दो जोन में बांटकर करेंगे कार्रवाई

सीलिंग कार्रवाई के लिए नगर निगम एरिया को दो जोन में बांट कर टीमों का गठन किया गया है। नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने सभी बकाएदारों से अपनी बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराए जाने का अनुरोध किया है। साथ ही उन्होंने बकायादारों को बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाए जाने पर उनकी संपत्ति को सील किए जाने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर निगम के विशेष अधिकारी सफाई अनिल यादव, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, उप निगम आयुक्त कुलदीप यादव, कार्यकारी अभियंता नरेंद्र सुहाग, विकास धीमान, एडीए भव्य गोयल, सीएसआई अनिल नैन, विनोद बेनीवाल व जितेंद्र मल्होत्रा आदि मौजूद रहे।

# हरियाणा दिवस पर लोक कलाओं में दिखेगी संस्कृति की झलक : गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर



यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

जिला सचिवालय में हरियाणा दिवस व गीता जयंती महोत्सव पर किया मंथन

हरियाणा दिवस और गीता जयंती महोत्सव को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने अधिकारियों को दोनों कार्यक्रमों को भव्य रूप से मनाए जाने को लेकर दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यमुनानगर में हरियाणा दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला के महाविद्यालयों और विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा हरियाणवी संस्कृति पर आधारित शानदार प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

### गीता महोत्सव का 29 नवंबर को होगा शुभारंभ

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी 29 नवंबर से एक दिसंबर तक जिले में गीता महोत्सव का श्रद्धाभाव से आयोजन किया जाएगा। इससे एक दिन पहले 28 नवंबर को श्रीमद्भागवत गीता पर आधारित सेमिनार का भी आयोजन किया जाएगा। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने गीता महोत्सव के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को महोत्सव से संबंधित सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गीता महोत्सव का हवन यज्ञ के साथ शुभारंभ होगा। इसके बाद तीनों दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करवाया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल, कॉलेज व विश्वविद्यालय सहित स्थानीय कलाकारों द्वारा भी आकर्षक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम में समा बांधा जाएगा। इस दौरान धार्मिक ग्रंथ गीता पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई जाएंगी। गीता महोत्सव में विभिन्न विभागों और सामाजिक संगठनों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारियां समय रहते पूरी करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीसी नवीन आहूजा, जगाधरी के एसडीएम विश्वनाथ, नगराधीश पीयूष गुप्ता, डीएमसी नगर निगम कुलदीप मलिक आदि मौजूद रहे।

# युवक ने शादी का झांसा देकर महिला को किया अगवा

- पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ किया केस दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने शादी का झांसा देकर महिला को अगवा कर लिया। पुलिस ने महिला के पति की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, छछरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 29 अक्टूबर को वह किसी काम से घर से बाहर गया था। शाम को जब चार बजे वह घर वापस लौटा तो घर से उसकी पत्नी व एक साल का बेटा गायब मिले। काफी तलाश करने के बाद भी उनका कुछ भी पता नहीं चला। जांच के दौरान उन्हें मालूम हुआ कि उसकी पत्नी को गांव का ही सचिन शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है। उसने आरोपी सचिन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## स्व. चौधरी दलबीर सिंह ने सम्पूर्ण जीवन जनसेवा में किया समर्पित : ढाण्डा



पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी दलबीर सिंह की पुण्यतिथि

**रादौर।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व.चौधरी दलबीर सिंह की वीरवार को रादौर में पुण्यतिथि श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में विशेष तौर पर हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के महासचिव एवं रादौर से प्रत्याशी रहे सुरेश ढांडा ने भाग लिया। उन्होंने स्व. चौधरी दलबीर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।सुरेश ढाण्डा ने बताया के स्व. चौधरी दलबीर सिंह ने सदैव सर्व समाज की भलाई के लिए कार्य किया। उनकी अच्छाई व ईमानदारी को हर कोई याद करता है। ढाण्डा ने कहा कि गर्व की बात है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. चौधरी दलबीर सिंह की बेटी पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद सिरसा कुमारी सैलजा भी अपने पिता के दिखाए हुए अच्छाई व भलाई के मार्ग पर आगे बढ़ते हुए हर धर्म-हर बिरादरी के हितों के लिए कार्य कर रही हैं। ढाण्डा ने बताया कि कुमारी सैलजा ने जनता की सेवा करने के लिए अपने निजी जीवन का त्याग किया है और हरियाणा के विकास को तरजीह दी है। कुमारी सैलजा कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद करते हुए हर जन को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने का कार्य कर रही हैं और वे ऐसी नेता हैं जिनकी लोकप्रियता हरियाणा की छत्तीस बिरादरी एवं हर धर्म-हर वर्ग की जनता में है।

# भजनों से दिया वैदिक संस्कारों का ज्ञान



यमुनानगर। डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में आयोजित हवन यज्ञ में भाग लेते बच्चे व स्टाफ सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

- रादौर के डीएवी पब्लिक स्कूल में वैदिक यज्ञ का आयोजन

रादौर के डीएवी पब्लिक स्कूल में वीरवार को वैदिक संस्कार पुण्यमास के अंतर्गत आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिन के उपलक्ष में विश्व शांति यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की गई। मौके पर विद्यार्थियों द्वारा भजनोंपदेश किया गया। स्कूल के प्रिंसिपल रमन शर्मा ने बताया कि स्कूल के प्रागंण में वैदिक संस्कार पुण्यमास मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बच्चों व अध्यापकों द्वारा विभिन्न वैदिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है । इसी कड़ी में वीरवार को आर्य युवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगी सूरी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में विश्व शांति यज्ञ कर उनके स्वास्थ्य की मंगलकामना की गई। मौके पर विद्यार्थियों ने वैदिक यज्ञ में आहुतियां अर्पित की गई। इसके बाद भजनोपदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने भजनों के माध्यम से उपदेश देकर विद्यार्थियों को शांति, ज्ञान और वैदिक ज्ञान दिया गया। मौके पर प्रसाद वितरण भी किया गया।

## मोबाइल पर आने वाले अनजान लिंक को नहीं करें क्लिक : राजपाल



- पुलिस ने इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में साइबर ठगी से बचाव को किया जागरुकता कार्यक्रम

**रादौर।** जिला पुलिस प्रशासन द्वारा नशा मुक्ति एवं यातायात के नियमों की पालना के लिए इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में रादौर थाना के प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने भाग लिया। मुख्य वक्ता एवं रादार थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने विद्यार्थियों को मोबाइल, ट्रैफिक नियम, नशा व साइबर क्राइम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को समझाया कि हमें मोबाइल पर आने वाले अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए। इससे हमारे खाते से हैकर हमारी धनराशि को चुरा सकते हैं। हमें ट्रैफिक नियमों का पालन करना चाहिए। बच्चों को बिना लाइसेंस वाहन नहीं चलाना चाहिए। वहीं, बाइक चलाते समय हेलमेट का इस्तेमाल करना चाहिए। कार चलाते समय सीट बेल्ट अवश्य लगानी चाहिए। हमें नशे से दूर रहकर अपना शारीरिक व मानसिक विकास करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन ईश मेहता ने स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मुख्य वक्ता इंस्पेक्टर राजपाल सिंह व पुलिस विभाग का आभार प्रक्ट किया।

## नृत्य प्रतियोगिता में छात्रा मनु ने प्राप्त किया प्रथम स्थान



यमुनानगर। रादौर स्थित ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते विद्यार्थी।

**रादौर।** ज्योतिबा फुले राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में नृत्य, गायन, चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने भाग लिया। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दर्शन सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में छात्रा मनु ने प्रथम, अंजली ने द्वितीय व ईशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता में शगुन ने प्रथम, महक ने द्वितीय व शुभम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में मुस्कान ने प्रथम, ऋषभ ने द्वितीय व नमन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रीत ने प्रथम, तनु ने द्वितीय व बलप्रीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मौके पर मुख्यातिथि एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसके सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को अपने राज्य की संस्कृति से लगाव रखना चाहिए। ऐसे कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दर्शन सिंह ने प्राचार्य का धन्यवाद किया और कहा कि उनके मार्गदर्शन में हमारे विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर जिला स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं।

## गोपाष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं को वितरित किया दूध का चरणामृत

# गऊओं की पूजा कर श्रद्धालुओं ने धूमधाम से मनाया गोपाष्टमी पर्व



यमुनानगर। जगाधरी स्थित गोशाला में गोपाष्टमी पर्व के मौके पर गो माता को तिलक लगाकर उन्हें गो ग्रास खिलाते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- शहर की गोशालाओं में कार्यक्रमों का आयोजन किया

गोपाष्टमी पर्व वीरवार को जिले भर में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान गोशालाओं में हवन यज्ञ किए गए और गो भक्तों ने गऊ माता को गोग्रास खिलाकर विधिवत पूजा अर्चना की।

वीरवार सुबह होते ही गो भक्तों का गोशालाओं में पहुंचना शुरू हो गया। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। इस दौरान गो भक्तों ने गोशाला में पहुंचकर गऊओं को फूल मालाएं पहनाकर पूजा अर्चना की और गोग्रास खिलाकर पुण्य कमाया। शाम के समय गोशाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण की लीलाओं से संबंधित कार्यक्रम प्रस्तुत कर समां बांध दिया। संकीर्तन मंडली ने भगवान श्रीकृष्ण पर आधारित भजन प्रस्तुत कर संगत को निहाल कर दिया। कार्यक्रम के उपरांत सभी को दूध का चरणामृत व प्रसाद भी वितरित किया गया। भक्तजनों ने गोमाता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर उसे तिलक लगाया। इसके उपरांत गाय को फूल मालाएं पहनाई। मौके पर श्रद्धालु रमेश कुमार, राजबीर व सूरज प्रकाश ने बताया कि मान्यता है कि जो श्रद्धालु सच्चे मन से गो माता की अराधना करते हैं, उनकी सभी प्रकार की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। उन्होंने बताया कि पूरी पृथ्वी पर गोमाता से श्रेष्ठ कोई नहीं है।

### गौमाता की सेवा से मिलता है अश्वमेघ यज्ञ जितना फल

पंडित यशपाल शर्मा का कहना है कि गोमाता की सेवा करने से अश्वमेघ यज्ञ जैसा फल प्राप्त होता है। जो व्यक्ति गोमाता को प्रतिदिन जल और तृण समेत भोजन करवाता है उसे अश्वमेध यज्ञ का फल प्राप्त होता है और उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। गाय के गोबर को लीपने से घरों में शुद्धि होती है। उन्होंने दावा किया कि गोमूत्र से हृदय रोग और कैंसर जैसे असाध्य रोग भी ठीक हो जाते हैं। जिस प्रकार एक मां अपनी संतान को हर सुख देना चाहती है, उसी प्रकार गोमाता भी सेवा करने वाले जातकों को अपने कोमल हृदय में स्थान देती हैं और उसकी हर मनोकामना को पूरा करती है।

# छात्राओं को सिखाए आत्मरक्षा के गुर

- जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में छात्राओं की जागरुकता के लिए आत्मरक्षा पर आयोजित की कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



यमुनानगर। जेएमआईटी कॉलेज रादौर में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाते मार्शल आर्ट विशेषज्ञ।

जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज के महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में वीरवार को छात्राओं के लिए आत्मरक्षा विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन प्रसिद्ध मार्शल आर्ट विशेषज्ञ एवं ब्लैक बेल्ट धारक शेर सिंह मलिक द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीकों का सजीव और व्यावहारिक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्वलित करके किया गया।

मार्शल आर्ट विशेषज्ञ एवं ब्लैक बेल्ट धारक शेर सिंह मलिक ने कार्यशाला के पहले सत्र में छात्राओं को आत्मरक्षा की मूल अवधारणा समझाते हुए बताया कि यह केवल शारीरिक प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है। बल्कि मनोवैज्ञानिक रूप से भी व्यक्ति को आत्मविश्वासी और निर्भीक बनाता है।

उन्होंने छात्राओं को दैनिक जीवन में उपयोगी कई सरल लेकिन प्रभावी तकनीकें सिखाईं। दूसरे सत्र में उन्होंने छात्राओं को आत्मरक्षा की नैतिकता व नियमों के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आत्मरक्षा का उद्देश्य हिंसा करना नहीं है। बल्कि स्वयं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव कुमार गर्ग ने कहा कि आज के समय में जब समाज में महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। तब प्रत्येक छात्रा के लिए आत्मरक्षा करना सीखना अत्यंत आवश्यक है।








## मनोरंजन के साथ-साथ युवाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा कर रहा रत्नावली महोत्सव

# 42 स्टाल पर सैकेड़ों छात्र के उत्पादों की लाखों में बिक्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा की लोक संस्कृति के परिचायक के रूप में स्थापित हो चुका रत्नावली समारोह अपने नए रंग-ढंग के कारण इस बार चचार्ओं में है। हरियाणवी संस्कृति के संरक्षण, पुर्नरूत्थान के साथ-साथ हरियाणवी बोली, सांझी को लोकप्रिय बनाने में अहम् भूमिका अदा करने वाला रत्नावली उत्सव इस बार स्वावलंबी व आत्मनिर्भर भारत की झलक भी दिखा रहा है। युवाओं में आत्मविश्वास की भावना पैदा करने के साथ-साथ उनके कौशल में भी विकास कर रहा है। रत्नावली हस्तशिल्प मेले में 42 स्टालों पर विश्वविद्यालय के भिन्न भिन्न विभाग के सैंकड़ों छात्रों द्वारा स्वयं बनाए गए उत्पाद तीन दिनों में लाखों रुपए में बिक चुके हैं। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की जो सोच थी छात्रों में इंटर्नशिप, स्वावलंबी, आत्मनिर्भर, स्वदेशी व कौशल विकास की भावना को विकसित करना वह इस रत्नावली हस्तशिल्प मेले में साकार हो गई है। युवाओं के चेहरे भारी भीड़ के कारण खिले हुए हैं। छात्रों की कला की खूब प्रशंसा होने के साथ-साथ उनको खरीददार भी मिल रहे है। रत्नावली हस्तशिल्प मेले में जहां विश्वविद्यालय के छात्र अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

### यूनिवर्सिटी मॉडल स्कूल के छात्रों के सामान की भी खूब ब्रिकी

यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्र भी किसी से कम नहीं। स्कूल के छात्र यश मेहरा द्वारा लगाया गया फूड कार्नर सबका जायका बदल रहा है। यहां के स्वादिष्ट गोलगप्पे, टिक्की, चाट, लस्सी सबको पसंद आ रही है। इसके साथ-साथ स्कूल के छात्रों द्वारा बनाए गए सामान की भी खूब बिक्री हो रही है। जनसंचार एवं मीडिया संस्थान के छात्रों द्वारा लगाया प्रिंटेड कपो का स्टाल व फोटो गैलरी, ज्वेलरी में श्रेया, पावनी, सिया, तितिक्षा, सान्वी तथा फेस पेंटिंग में लक्ष्मी, तमन्ना, निकिता अन्य विद्यार्थियों का स्टाल भी आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। स्वदेशी मंच द्वारा लगाए गए स्टाल में स्वदेशी उत्पाद खूब बिक रहे हैं। इसके साथ-साथ विधि विभाग, पर्यटन विभाग, प्रबंधन विभाग, आईआईएचएस, फाइन आर्ट्स, संगीत एवं नृत्य विभाग, मनोविज्ञान, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, सोशोलॉजी, फिजिक्स, कुटिक, यूआईईटी के छात्रों द्वारा लगाए गए स्टालों में कप व टी-शर्ट पेंटिंग, फेस टेटू, मास्क पेंटिंग, हैंडीक्राफ्ट, साज-सज्जा का सामान सबके आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। हरियाणवी संस्कृति के रंगों से सजा यह महोत्सव इस बात का प्रमाण है कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं बल्कि हरियाणा की पहचान और गर्व का प्रतीक है।



कुरुक्षेत्र। समूह गीत की प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

### देशभक्ति की कविताओं ने युवाओं में भरा जोश

रत्नावली समारोह के तीसरे दिन सीनेट हॉल में कविता पाठ प्रतियोगिता में देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं ने युवाओं में जोश भर दिया। पूरा हॉल भारत माता के जयकार से गूंज उठा। सोहन लाल डीएवी कॉलेज, अम्बाला की टीम ने भटका हुआ हूं मैं, गवर्नमेंट कॉलेज, जींद ने देशभक्ति कविता मां तेरा बेटा मौज में, अर दूर किते नी जा रा, के.एम. गवर्नमेंट कॉलेज, नरवाना ने बात चाहे गलत हो या सही हो, चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी ने कितना अच्छा होंदा जै सच, आरकेएसडी कॉलेज, कैथल ने आज देख के रोना आ जे, हालत देख हरियाणा की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी।

### रत्नावली के संस्कृति महाकुंभ में केयू का सांझी को पुनर्जीवित करने का अहम प्रयास

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय समारोह 2025 में लोक कला सांझी जहां धार्मिक भावना को प्रदर्शित कर रही है वहीं ग्रामीण सौंदर्य की पारम्परिक झलक देखकर सभी छात्र एवं पर्यटक अभिभूत हो रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. विवेक चावला ने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में रत्नावली समारोह के माध्यम से हरियाणा की लोक कला सांझी को पुनर्जीवित करने तथा युवाओं को अपनी संस्कृति से जोड़ने का यह महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने बताया कि इस बार सांझी कला को प्रतियोगिता के रूप में रत्नावली समारोह में शामिल किया गया है जिसमें प्रतिभागी विद्यार्थियों ने इस पारंपरिक कला को पुनर्जीवित करते हुए सांझी, बोहिया, पीढ़ा, फुलझड़ी जैसी अनेक कलाकृतियों को प्रदर्शित किया है, जिसने दर्शकों को हरियाणा की असली मिट्टी और संस्कृतिसे जोड़ दिया। वहीं जनसंचार एवं मीडिया प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा प्रदेश की सभ्यता और संस्कृति के साथ-साथ यहां के लोगों का विभिन्न तीज त्योहारों में हर्षोल्लास के साथ शामिल होना इसे देश के अन्य राज्यों से एक अलग पहचान देता है। उन्होंने बताया कि उत्तर भारत की पारंपरिक लोककला सांझी जहां गांवों में आज भी पूरे उत्साह से मनाई जाती है तो वहीं अब शहरों में सांझी पर्व धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है। वहीं शहरों में सांझी का स्थान अब प्रिंटेड सांझी ने ले लिया है। इसके बावजूद भी हरियाणा के ग्रामीण आंचल में बसने वाले लोग प्राचीन संस्कारों और आस्थाओं को एक अमूल्य धरोहर के रूप में रूप में आज भी संजोए हुए हैं।

### सोलो डांस प्रतियोगिता में केयू की टीम ने मारी बाजी

*कुरुक्षेत्र। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित रत्नावली हरियाणा दिवस राज्य स्तरीय महोत्सव-2025 के तहत 29 अक्टूबर को विभिन्न सांस्कृतिक प्रतिस्पधार्ओं का सफल आयोजन किया गया। हरियाणा के अलग-अलग जिलों से आए प्रतिभागियों ने हरियाणवी लोक-संस्कृति, वेशभूषा, संगीत, अभिनय और नृत्य में अपनी श्रेष्ठ कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में दर्शकों ने युवा प्रतिभाओं की प्रस्तुति पर भरपूर उत्साह और प्रशंसा व्यक्त की। हरियाणवी लोक-गीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के.यू. कैंपस टीम, कुरुक्षेत्र, द्वितीय स्थान गुरु नानक खालसा कॉलेज, करनाल और तृतीय स्थान संयुक्त रूप से सी.आर.एस.यू., जींद एवं श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी को मिला। फोक कॉस्ट्यूम (पुरुष) प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर.के.एस.डी. (पी.जी.) कॉलेज कैथल, द्वितीय स्थान गवर्नमेंट कॉलेज छछरौली (यमुनानगर) और तृतीय स्थान गवर्नमेंट कॉलेज जींद को मिला। फोक कॉस्ट्यूम (महिला) श्रेणी में प्रथम पुरस्कार एम.डी.एस.डी. कॉलेज, अंबाला सिटी द्वितीय पुरस्कार गवर्नमेंट कॉलेज, जींद और तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सी.आई.एस. कन्या महाविद्यालय ढांड-डडवाना तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कैंपस टीम को प्राप्त हुआ।*

### तीजा का त्योहार से आया, आज मेरा वीरा घर आया.....

*जमाना आया नई नवेली बहुओं का.......तीजा का त्यौहार से आया, आज मेरा वीरा घर आया.....रत्नावली महोत्सव के तीसरे दिन हरियाणवी समूह गीत प्रतियोगिता में प्रदेशभर के युवाओं ने हरियाणा की समृद्ध लोक गीत परंपरा के माध्यम से हरियाणा के रीति-रिवाज, तीज त्यौहार, रहन-सहन, खान-पान, हास्य-विनोद व मखौल को दिखाने का प्रयास किया। हर गीत का बोल हरियाणा की सांस्कृतिक पहचान को दिखाने वाला था। खासतौर पर हरियाणवी लोक गीत प्रतिस्पर्धा में हरियाणवी बोली की मिठास देखने को मिली और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रयास हरियाणवी बोली को भाषा बनाने के निर्णय को भी बल मिला। प्रतियोगिता में श्री विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी पलवल ने सारा भारत घूम लिया, ना पाया ऐसा ठिकाना आजा तन्ने घमादूं परदेश हमारा हरियाणा, श्री गुरु तेग बहादुर जी गवर्नमेंट कॉलेज ने पीली पीली सरसों, गवर्नमेंट कॉलेज नारायणगढ़ ने इंद्र बरसा लगा चौमासा, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ने तीजा का त्यौहार सै आया आज मेरा वीरा घर आया, राजीव गांधी महाविद्यालय, उचाना, जींद ने जमाना आया बहुओं का, एआईएसटी पलवल, कुरुक्षेत्र ने झूलन आली बोल बता के बोलना मैं टोटा पर शानदार प्रस्तुति दी।*

### आपसी भाईचारे को बढ़ावा देती है चौपाल



कुरुक्षेत्र। हरियाणवीं चौपाल में प्रस्तुति देते विद्यार्थी।

*रत्नावली समारोह के तीसरे दिन श्रीमद्भगवद्गीता सदन में युवा कलाकारों की चौपाल सजी और देश में फैली बुराइयों, कुरीतियों, विसंगतियों, पाखंडों, ईर्ष्या व द्वेष तथा प्रदेश व देश की राजनीतिक व सामाजिक घटनाओं पर विस्तार से चर्चा होने के साथ-साथ व्यंग्य भी हुए। चौपाल प्रतियोगिता में हरियाणा के भिन्न-भिन्न शिक्षण संस्थानों की चार टीमों ने भाग लिया जिसमें आर.के.एस.डी. पीजी कॉलेज (कैथल), राजीव गांधी महाविद्यालय (उचाना, जींद), गवर्नमेंट कॉलेज (जींद) और डी.ए.वी. कॉलेज (कुरुक्षेत्र) की टीमों ने भाग लिया। सबसे पहले राजीव गांधी महाविद्यालय, उचाना की टीम ने मंच संचालन किया। टीम के सदस्य रमण ने कहा, ह्लआज सोशल मीडिया के दौर में लोग धीरे-धीरे अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं, जबकि यही हमारी पहचान है।ह्व टीम ने लोकगीतों और संवादों के माध्यम से यह संदेश दिया कि संस्कृति का संरक्षण ही समाज को जोड़े रख सकता है।*



### आधुनिकीकरण की दौड़ पर्यावरण का क्षरण हो रहा : डा. मंजू

कुरुक्षेत्र। राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ गगनदीप कौर के मार्गदर्शन में क्लाइमेट चेंज, बायोडायवर्सिटी कंजर्वेशन एवं सस्टेनेबल प्रैक्टिसेज विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता असिस्टेंट प्रोफेसर नरेश कुमार, केएम राजकीय महाविद्यालय नरवाना रहे। उन्होंने जलवायु परिवर्तन और इसके प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं छात्राओं को पर्यावरणीय संरक्षण, सतत विकास और लचीली आधारभूत संरचना के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

### सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही : मिड्ढा




■ पिहोवा में डॉ. कृष्ण मिड्ढा का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष एवं भाजपा प्रभारी पिहोवा विधानसभा डॉ. कृष्ण कुमार मिड्ढा का पिहोवा के एम.पी. फार्म में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम के संयोजक एवं आयोजक पंडित जय भगवान शर्मा ने हजारों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ पुष्पमालाओं एवं जयघोषों से उनका जोरदार स्वागत किया। पूरा परिसर भारत माता की जय और भाजपा जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में उपस्थित डॉ. मिड्ढा ने पंडित जय भगवान शर्मा डीडी के कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि डीडी शर्मा एक सच्चे, ईमानदार और निष्ठावान भाजपा नेता हैं, जो पिहोवा हल्के के विकास और जनता की सेवा में दिन-रात जुटे रहते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की नीति पर काम कर रही है और पिहोवा में यह नीति पूरी तरह से जमीनी स्तर पर लागू होती दिख रही है।

## विद्यार्थियों में लेखन कौशल, वैज्ञानिक सोच को विकसित करना उद्देश्य : विनोद

### जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य विज्ञान, नवाचार एवं प्रौद्योगिकी परिषद पंचकूला तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र में जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यातिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने शिरकत की। प्रतियोगिता में कुरुक्षेत्र जिले के विभिन्न विद्यालयों से नौंवी से बारहवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तार्किक सोच और रचनात्मक लेखन कौशल को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे विज्ञान को केवल एक विषय नहीं, बल्कि जीवन जीने का व्यावहारिक माध्यम बनाएं, जिससे समाज में नवाचार



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कौशिक।

और प्रगति की दिशा में नए आयाम स्थापित हो सके। विनोद कौशिक ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में लेखन कौशल, वैज्ञानिक सोच और मौलिक अभिव्यक्ति को विकसित करना है। इस अवसर पर जिला गणित विशेषज्ञ संजय कौशिक, सतबीर कौशिक, रामेश्वर दास, डॉ. सविता, राजेंद्र कुमार, अरविंद, किरण आदि मौजूद रहे।



### वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन के साथ मिलकर कार्यक्रम का किया आयोजन

कुरुक्षेत्र। वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन (आई2आई) के साथ मिलकर पानीपत, हरियाणा में वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई कनेक्ट 2025 का आयोजन किया। यह कार्यक्रम हरियाणा सरकार के एमएसएमई निदेशालय के सहयोग से आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उद्यमी, सरकारी अधिकारी और उद्योग जगत के अग्रणी लोग एक मंच पर आए और राज्य में एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत बनाने की संभावनाओं पर बात की। साथ ही वॉलमार्ट वृद्धि सप्लायर डेवलपमेंट प्रोग्राम के माध्यम से उपलब्ध अवसरों को भी सामने रखा गया। फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा, एमएसएमई सेक्टर भारत की विकास की कहानी का केंद्र है और फ्लिपकार्ट में हम डिजिटल कॉमर्स के जरिये उनके विकास को सक्षम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। फ्लिपकार्ट की पहुंच को वॉलमार्ट वृद्धि से मिलने वाली ट्रेनिंग के साथ जोड़ते हुए हम हरियाणा के एमएसएमई सेक्टर के लिए स्थानीय स्तर पर विस्तार का नया रास्ता बना रहे हैं। पानीपत जिला एमएसएमई केंद्र के संयुक्त निदेशक विकास जांगड़ा ने कहा, वॉलमार्ट वृद्धि जैसे कार्यक्रम राज्य सरकार के प्रयासों को और मजबूत बनाते हैं।



### एलसीएलओ कर्मियों का धरना जारी

कुरुक्षेत्र। एलसीएलओ कर्मचारियों का धरना 42वें दिन में प्रवेश कर गया वहीं क्रमिक अनशन 32वें दिन भी जारी रहा। धरने की अध्यक्षता यूनियन राज्य कार्यकारिणी सदस्य करनाल ने की। धरने पर बैठे साथियों को ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व रामेश्वर आजाद रिटायर कर्मचारी संघ सदस्य ने माला पहनाकर क्रमिक अनशन पर बैठाया।धरने पर दीपक महेंन्द्र गढ़, प्रीतम रोहतक, किर्ति रोहतक, शैंटी यमुनानगर,अजय जींद बैठे। अभी तक सरकार से कई बार बात हो चुकी है। 5 बार हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व 7 बार मुख्यमंत्री के ओएसडी और कई अन्य अधिकारियों से बात हो चुकी है लेकिन कर्मचारियों की समस्या का कोई हल नहीं हुआ है। सरकार समय रहते मसला हल नहीं करती है तो भारी संख्या में सभी कर्मचारी संगठन साथ मिलकर सीएम हाउस का घेराव करेंगे और हड़ताल करेंगे। सर्व कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र व सीटू मिल कर एक संयुक्त आंदोलन चलाएंगे। जिस की सारी जिम्मेदारी हरियाणा सरकार व प्रशासन की होगी। धरने को महावीर प्रसाद दहिया, संदीप सांगवान, रामेश्वर आजाद, रोशन लाल फौजी, रतन लाल, दयानंद ब्लाक प्रधान रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र, जितेन्द्र बंसल जिला चेयरमैन रिटायर कर्मचारी संघ कुरुक्षेत्र ने संबोधित किया।

कार्यक्रम | राजकीय विद्यालय कसीथल में शिक्षकों के लिए स्वास्थ्य जागरूक शिविर का आयोजन

### जीवनशैली सुधार और आयुर्वेदिक दिनचर्या के महत्व से अवगत कराया

# अवचेतन मन की शक्ति और आयुर्वेद का अद्भुत संगम : डॉ संजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

स्वस्थ शरीर के साथ-साथ अवचेतन मन का सकारात्मक दृष्टिकोण हमारे व्यक्तिगत, पारिवारिक, विद्यालय और सामाजिक जीवन को गहराई से प्रभावित करता है। यह विचार वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कसीथल में शिक्षिकाओं व शिक्षकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जागरूक शिविर में व्यक्त किए। डॉ. शर्मा ने कहा कि



कुरुक्षेत्र। कैंप में मौजूद चिकित्सक एवं स्कूल स्टॉफ।

यदि व्यक्ति अपने अवचेतन मन को सकारात्मक विचारों से प्रशिक्षित करे, तो वह न केवल स्वयं का बल्कि अपने परिवार, विद्यार्थियों और समाज के लोगों के जीवन में भी प्रेरक परिवर्तन ला सकता है। उन्होंने शिक्षकों को जीवनशैली सुधार और आयुर्वेदिक दिनचर्या के महत्व से भी अवगत कराया। अपने विस्तृत व्याख्यान में उन्होंने आँवला, हरड़, दालचीनी, अर्जुन, तुलसी, काली मिर्च,जीरा, अजवाइन, भूरी मिर्च, कद्दू मगज और स्फटिक जैसी औषधीय वनस्पतियों के गुणों, उनके शरीर पर प्रभाव और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला।

### शिक्षक समाज की दिशा तय करने वाला वर्ग

विद्यालय की प्रिंसिपल श्रीमती निर्मला ने डॉ संजय शर्मा का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि आज का कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक व सराहनीय रहा। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज की दिशा तय करने वाला वर्ग है। यदि शिक्षक स्वयं स्वस्थ, ऊजार्वान और जागरूक रहेंगे, तो विद्यार्थियों और समाज में भी स्वास्थ्य के प्रति सजगता का संदेश स्वतः प्रसारित होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे सेमिनार शिक्षकों को न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी सशक्त बनाते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस आयोजन को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक बताया एवं भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रमों के निरंतर आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर प्रिंसिपल निर्मला,प्रवीण कुमार, दलेर सिंह, पूनम, रिंकी, सोनिया, सपना, सीमा,सुशील वर्षा सैनी, सुषमा, प्रमोद, परमवीर सिंह, रमेश चंद, विक्रम सिंह, नवीन, कनिका, जसबीर सिंह, जसप्रीत सिंह, सतीश कुमार शिक्षक व शिक्षिकाएं मौजूद रही।

